

राष्ट्रपति ऐडम का घड़ियाल



पीटर बार्नेस




राष्ट्रपति ऐडम का घड़ियाल

पीटर बार्नेस

“तुम्हारा प्रिय पालतू पशु कौन सा है?” मिसेज़ टकर ने अपनी क्लास से पूछा.

सभी बच्चों ने एक साथ उत्तर दिया: “चूहा!” “मेरी बिल्ली!” “एक बड़ा साँप!” “ईय्यू!” “मेरा गिन्नी!” “टट्टू!” “मेरा कुत्ता, जुनो!”

“अरे, यह सब तो बहुत ही बढ़िया पालतू पशु हैं,” मिसेज़ टकर ने कहा. उन्होंने देखा कि सबसे पीछे बैठा बिल्लि एक कागज़ पर उलटी-सीधी लकीरें खींच रहा था. “बिल्लि, तुमने कोई उत्तर नहीं दिया. क्या तुम्हारा कोई पालतू पशु नहीं है?”





बिल्लि ने सामने देखा और मुस्कराया. “अपने प्रिय पालतू पशु का चित्र मैं बना रहा हूँ.”

“किसका चित्र बनाया है?” मिसेज़ टकर ने पूछा.

बिल्लि ने चित्र उठा कर दिखाया. चित्र एक हरे रंग के घड़ियाल का था जिसका मुँह खुला हुआ था.

“घड़ियाल?!” सब बच्चे एक साथ चिल्लाये. “घड़ियाल पालतू पशु नहीं होता!”

“बच्चों, ज़रा रुको,” मिसेज़ टकर ने कहा. “घड़ियाल पाला जा सकता है. अरे, एक समय हमारे एक राष्ट्रपति ने एक घड़ियाल पाल रखा था. वास्तव में, हमारे राष्ट्रपतियों ने कई प्रकार के पशु पाल रखे थे- कुत्ते और बिल्लियाँ तो निःसंदेह कइयों ने पाले थे. लेकिन कुछ राष्ट्रपतियों ने अनोखे जीव भी पाले थे.”

“कौन से अनोखे जीव?” बच्चे चिल्लाये.

“क्यों न मैं तुम्हें इन पालतू पशुओं की कहानियाँ सुनाऊँ? अंत में तुम सब वोट कर के बताना कि राष्ट्रपतियों के पालतू पशुओं में से कौन सा पशु तुम्हें सबसे प्रिय है.”

“बहुत खूब!” बच्चे चिल्लाये.






“हमारे देश के संस्थापक पशुओं को बहुत प्यार करते थे. क्या तुम सब को पता है कि हमारे पहले राष्ट्रपति के पास मैडम मूस, स्वीटलिप्स और टिप्सी नाम के शिकारी कुत्ते थे? उनके पास कई घोड़े भी थे. उन घोड़ों में उनको सबसे प्रिय था एक बड़ा और ताकतवर घोड़ा जिसका नाम था नेलसन. राष्ट्रपति वाशिंगटन अपने घोड़ों के दांतों को हर दिन ब्रश से साफ करवाते थे ताकि घोड़ों के दांत अच्छे और स्वस्थ रहें. घोड़ों के दांत साफ करने के लिए निश्चय ही एक बड़े ब्रश की आवश्यकता रही होगी. हमारे दूसरे राष्ट्रपति ऐडम्स भी घोड़ों को प्यार करता थे. अपने एक घोड़े को वह इतना पसंद करते थे कि उन्होंने वाइट हाउस के लॉन में ही उसके लिए अस्तबल बनवा लिया था. उसका नाम था क्ल्योपैट्रा.

“हमारे तीसरे राष्ट्रपति थामस जैफ्रसन के पास दो पालतू ग्रिस्ली भालू थे. उनके पास डिक नाम का एक मॉकिंगबर्ड भी था. राष्ट्रपति और डिक में बहुत घनिष्ठता थी. राष्ट्रपति डिक को अपने कंधे पर बैठने देते थे. वहाँ बैठ कर वह उनके होंठों से खाना पकड़ कर खाता था. जब राष्ट्रपति वायलन बजाते थे तब डिक साथ-साथ गाता था. वाइट हाउस में एक और पक्षी था जिसका नाम था पॉली. वह हमारे चौथे राष्ट्रपति जेम्स मैडिसन का पालतू तोता था. राष्ट्रपति मैडिसन ने एक शीपडॉग भी पाल रखा था.

“क्लिपटी-क्लॉक, क्लिपटी-क्लॉक. राष्ट्रपति और उनके घोड़े ढोल की धुन पर सड़क पर मार्च करते हुए आते हैं. हर एक को अपने घोड़ों का प्रदर्शन करना अच्छा लगता है. और घोड़ों का प्रदर्शन करने के लिए परेड से बेहतर क्या हो सकता है? ऐन्ड्रयू जैक्सन के पास सैम पैचेस, ऐमिली और लेडी बोलिविया नाम के घोड़े थे. उन्हें यह घोड़े बहुत पसंद थे लेकिन उनका प्रिय पालतू प्राणी था, पॉल नाम का एक तोता. राष्ट्रपति विलियम हैनरी हैरिसन अपने साथ अपनी गाय, सूकी, वाइट हाउस ले आए थे.

राष्ट्रपति जॉन टाइलर जिस घोड़े की सवारी करते थे वह था जनरल. उनके पास दो इटैलियन शिकारी कुत्ते भी थे. ज़ैकरी टेलर के प्रिय घोड़े, ओल्ड वाइटि, को वाइट हाउस के लॉन की घास खाना अच्छा लगता था. बेचारे ओल्ड वाइटि की दुम घनी न थी- वाइट हाउस में आने वाले दर्शक उसकी दुम के बाल निकाल कर निशानी के रुप में साथ ले जाते थे.





“क्या तुम जानते हो कि एक समय एक घड़ियाल वाइट हाउस में रहता था? सन 1825 की बात है, जनरल लफाइट राष्ट्रपति जॉन क्युइनसी ऐडम्स के लिए एक घड़ियाल वाइट हाउस लाये थे. राष्ट्रपति समझ न पाये कि घड़ियाल का क्या करें. उन्होंने घड़ियाल को ईस्ट रूम के एक बाथरूम में एक टब में रखवा दिया. वाइट हाउस में आने वाले दर्शक और कामगार टब में पानी उछालते हुए एक घड़ियाल को देख कर घबरा जाते थे. अगर तुम्हारे बॉथटब में एक घड़ियाल होता तो तुम क्या करते?




“कभी-कभी राष्ट्रपतियों को ऐसे पालतू पशु भेंट किये जाते थे जिन्हें वाइट हाउस में रखना संभव नहीं होता था. मार्टिन वैन बर्न को बाघ के दो बच्चे दिये गए थे, राष्ट्रपति उन्हें वाइट हाउस में रखना चाहते थे लेकिन कांग्रेस ने तय किया कि बाघ के बच्चे चिड़ियाघर में ही रहने चाहियें. राष्ट्रपति जेम्स राष्ट्रपति को कई पशु भेंट में मिले थे. बुकनान अकेले ऐसे राष्ट्रपति जो अविवाहित थे. लोगों को लगता था कि बहुत सारे पालतू पशु उनका मन बहलायेंगे. एक राजा ने हाथियों का झुंड भेंट किया था. बुकनान ने हाथियों को चिड़ियाघर भेज दिया. बुकनान के पास गरुड़ का जोड़ा भी था जो उन्होंने अपने फार्म में रखा हुआ था. बुकनान का प्रिय पशु था एक बड़ा कुत्ता जिसका नाम था लारा.

अब्राहम लिंकन भी पशुओं से प्यार करते थे. जब वह राष्ट्रपति बने तो अपने बच्चों के लिए उन्होंने टट्टू, खरगोश, जैक नामक टर्की समेत कई पशु लिए. जैक को तो क्रिसमस के भोज के लिए पकाया जाना था. लेकिन लिंकन का बेटा, टैड, उस पक्षी से प्यार करने लगा और उसने पिता से निवेदन किया कि पक्षी को जीवित रहने दिया जाए. बेशक, लिंकन मना न कर पाए-वह भी पशुओं से प्यार करते थे.


“लिंकन ने टैड को दो बकरियाँ, नैनी और नैनको, भी दी थीं. एक दिन टैड ने नैनी और नैनको को एक किचन चैयर से बाँध दिया और वाइट हाउस के कमरों के भीतर उन्हें दौड़ाने लगा. उस समय मिसेज़ लिंकन ईस्ट रूम में एक टी-पार्टी कर रही थीं. टैड बकरियों को वहाँ ले आया. लिंकन ने अपनी हँसी रोकने का पूरा प्रयास किया, लेकिन मिसेज़ लिंकन को इसमें कुछ भी हास्यास्पद न दिखाई दिया.




“ईस्टर के अवसर पर कई राष्ट्रपति वाइट हाउस में एग-रोलिंग पार्टियाँ करते थे. इन उत्सवों में उनके पालतू पशु भी कभी-कभी भाग लेते थे. ऐन्ड्रयू जॉनसन जब राष्ट्रपति बने तो अपने साथ वह दो गायें वाइट हाउस ले कर आए. कभी-कभी रात में वह चूहों के लिए खाने की वस्तुएं बाहर रख देते थे. राष्ट्रपति यू एस ग्रांट के पास बूचर बॉय नाम का एक घोड़ा था. उनकी बेटी नैली के पास जैन्नी नाम की घोड़ी थी.




“बैंजामिन हैरिसन के पास एक चंचल बकरी थी जिसका नाम ओल्ड विस्कर्स था. वह उनके नाती-पोतों की गाड़ी को खींचती थी. एक दिन, गाड़ी में बैठे बच्चों को लेकर बकरी भाग खड़ी हुई. उन्हें रोकने के लिए हैरिसन और उनके कुत्ते डैश को बहुत तेज़ी से भागना पड़ा था. रदरफोर्ड बी. हेज़ और उनकी पत्नी लूसी के पास भी बहुत प्रकार के पशु थे जिनमें कुछ बकरियाँ, कुत्ते, बिल्ली के बच्चे, कनेरी और मॉकइंगबर्ड थे. उन्होंने ऐग-रोल को वाइट हाउस का एक आधिकारिक कार्यक्रम बना दिया जिसका आयोजन हर ईस्टर पर किया जाने लगा.





“रूसवैल्ट चिड़ियाघर में आपका स्वागत है! टैडी रूसवैल्ट और उनके छह बच्चों को पशुओं से बहुत प्यार था, वाइट हाउस में भी और अपने पारिवारिक घर में भी. उनका एक पालतू पशु था भूरे और सफेद रंग का टट्टू जिसका नाम था ऐलगॉनक्विन. एक बार राष्ट्रपति का बेटा आर्ची बीमार था. उसके भाई, क्विनटन और कर्मिट, उसका मन बहलाना चाहते थे. अनुमान लगाओ कि उन दोनों ने क्या किया होगा? उन्होंने ऐलगॉनक्विन को लिफ्ट में घुसेड़ दिया और उसे आर्ची के कमरे में ले आए. राष्ट्रपति रूसवैल्ट के पास जोनाथन ऐडवर्ड्स नाम का एक भालू था, ऐलि येल नाम का नीले रंग का मकाह, मॉड नाम का सूअर था और जोशियाह् नाम का बैजर. उनके पास बिल्लियाँ, कुत्ते, घोड़े, सांप, कंगारू, गिलहरी, एक टांग वाला रूस्टर और कई अन्य पालतू पशु थे- इतने अधिक पशु उनके पास थे कि राष्ट्रपति रूसवैल्ट ने इन पशुओं के लिए वाइट हाउस के लॉन में एक सुंदर बाड़ा बनवा लिया था.

“जन्मदिन की बधाई, लैड्डि बॉय!” लैड्डि बॉय राष्ट्रपति हार्डिंग का कुत्ता था. अपने लाड़-प्यार से हार्डिंग ने उसे बिगाड़ दिया था. उन्होंने तो उसके जन्मदिन पर एक पार्टी भी आयोजित की थी और कुत्तों के बिस्कुटों से बना एक केक भी लाया गया था.



“जब वुड्रो विलसन देश के राष्ट्रपति थे, वह अपनी भेड़ों को वाइट हाउस के लॉन में घास चरने के लिए छोड़ देते थे. भेड़ें घास चर कर पूरे लॉन की घास की कटाई कर देती थीं. उन भेड़ों में एक का नाम ओल्ड आइक था, वह तंबाकू चभाने के लिए प्रसिद्ध थी. वाइट हाउस में जो अंतिम गाय रहती थी उसके स्वामी राष्ट्रपति विलियम हॉवर्ड टैफ्ट थे. गाय का नाम था पॉलीन वाइने.

"अब राष्ट्रपति कूलिज और उनके पालतू पशुओं के साथ डिनर करने का समय है! कैल्विन कूलिज और उनकी पत्नी ग्रेस के पास इतने पालतू पशु थे कि उन्हें गिनना भी कठिन था. वह अकसर अपने पालतू पशुओं के साथ अपने डाइनिंग रूम में खाना खाते थे. जब राष्ट्रपति चिल्ला कर कहते, 'सप्पर' तो इनके कुत्ते दौड़े आते. उन्होंने अपने कुत्तों को अनोखे नाम दे रखे थे, जैसे कि क्लैमिटि जेम्स, टाइनि टिम्मी और बॉस्टन बीन्स. ग्रेस ने प्रूडैंन्स प्रिम नाम के सफेद कुत्ते के लिए सुंदर हैट बनाई थी जिस पर रिब्बन भी लगे थे, जो खास अवसरों पर उसे पहनाती थीं.

राष्ट्रपति और ग्रेस के पास बहुत सारी बिल्लियाँ, पक्षी, गधा, बॉबकैट, भालू, वालबी, शेर के दो बच्चे और एक ठिगना हिप्पो भी थे. इनमें से कई पशुओं को चिड़ियाघर में रहना पड़ता था क्योंकि वाइट हाउस में वह बहुत ऊधम मचाते थे. ग्रेस को पक्षियों को पिंजरे में बंद रखना पसंद नहीं था इसलिए वह उन्हें वाइट हाउस यहाँ-वहाँ उड़ने देती थी. एक पक्षी तो एक नौकरानी के सिर पर बैठ जाता था जब वह घर का काम कर रही होती थी. कूलिज का सबसे प्रिय पशु एक रैकून था जिसका नाम रैबेका था. कूलिज उसे रस्सी से बाँध कर वाइट हाउस में घुमाया करते थे.




कुत्ते तो कई राष्ट्रपतियों को पसंद थे. कुछ राष्ट्रपतियों के कुत्ते अच्छा व्यवहार न करते थे. कुछ कुत्ते इतने बुरे थे कि उन्हें प्रशिक्षण के लिए स्कूल भेजना पड़ा था. फ्रैंकलिन रूसवैल्ट के कुत्ते ने अखबार के एक रिपोर्टर को नाक पर काट लिया था. एक दूसरा कुत्ता, विंक, लोगों के ब्रैकफास्ट की प्लेट से माँस चुरा लिया करता था.

“रूसवैल्ट का जर्मन शैफर्ड, मेजर, ने कई बार लोगों को काटा था. एक बार वाइट हाउस में आए एक विदेशी नेता की पतलून उसने काट कर फाड़ दी थी. रुसवैल्ट का प्रिय कुत्ता था फाला, जो अच्छा व्यवहार करता था. फाला स्कॉटिश टैरियर था जो बहुत मशहूर हो गया था. राष्ट्रपति रूसवैल्ट उसे अपने साथ हर जगह ले जाते थे, विदेशी यात्राओं पर भी.



“वाइट हाउस में खेलने का समय! जॉन एफ कैनेडी और उनकी पत्नी जैकी के पास, रशिया से आई प्रसिद्ध पुशिंका सहित, कई कुत्ते थे. मिसेज़ कैनेडी को पशु बहुत पसंद थे, खासकर घोड़े. उनकी बेटी कैरोलीन को भी पशु अच्छे लगते थे. कैरोलीन का टट्टू मैकरोनी वाइट हाउस के बगीचों में घूमता रहता था. लिंडन बी जॉनसन और उनके परिवार के पास कई बीगल थे. इनमें से दो बीगल का नाम था, हिम और हर, उनका प्रिय कुत्ता था यूकी, जो टैक्सस से लाया गया था और जिसे चीखना पसंद था.


आइज़नआवर यूकी जैसे चीखने वाले कुत्ते का उपयोग कर सकते थे. आइज़नआवर को वाइट हाइस के लॉन में गाल्फ खेलना पसंद था. लेकिन गिलहरियों से समस्या थी जो घास के मैदान में जगह-जगह खोद कर सुराख बना देती थीं. यूकी जैसे भौंकने वाले कुते के न होने के कारण गिलहरियों ने मैदान खराब कर दिया. हारकर गिलहरियों को पकड़ा गया और उन्हें एक पार्क में लाकर छोड़ दिया.




"आपके घर में आपका स्वागत है, राष्ट्रपति जी! आजकल राष्ट्रपति एक हैलिकॉप्टर, मैरीन वन, में यात्रा करते हैं. जब वह वापस लौटते हैं तो कभी-कभी उनके पालतू पशु उनकी प्रतीक्षा कर रहे होते हैं. रोनाल्ड रीगन के पास एक छोटा स्पैनियल था, जिसका नाम था रैक्स. वह भाग कर आता था और राष्ट्रपति और उनकी पत्नी नैन्सी से मिलता था. राष्ट्रपति रीगन को घोड़े भी पसंद थे. उनके पास पांच घोड़े थे. उनके पास एक शीपडॉग लकी भी था. वह इतना बड़ा और ताकतवर था कि जब मिसेज़ रीगन उसे साथ लेकर घूमती तो वह उन्हें खींच कर आगे ले जाता और ऐसा लगता कि मिसेज़ रीगन पानी में स्कींग कर रही हैं.



"रिचर्ड निक्सन के पास विकी नाम का एक पूडल और पाशा नाम का यॉर्कशायर टैरियर था. किंग टिमहो नाम का आयरिश टैरियर भी था जिसे वाइट हाउस में आए लोगों के साथ हाथ मिलाना पसंद था. राष्ट्रपति फोर्ड के पास सियामिस बिल्ली, चान, थी और लिबर्टी नाम का कुत्ता था, जिसका आठ बच्चे थे. जिम्मी कारटर् के पास भी एक सियामिस बिल्ली थी. उसका नाम था मिस्टी मलारकी यिंग यांग. उनके पास ग्रिट्स नाम का कुत्ता भी था.



“रोज़ गार्डन में पकड़न-पकड़ाई खेलते हैं! राष्ट्रपति जॉर्ज एच डब्लू बुश और उनके बेटे राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू, दोनों कुत्तों को पसंद करते थे. बुश परिवार के पास स्परिंगर स्पैनियल, जिनमें एक का नाम मिल्ली था और उसके छह बच्चे थे. एक पिल्ला, स्पोटी जॉर्ज डब्लू को दिया था, उनके पास स्काटिश टैरियर बार्नि और एक काली बिल्ली, विल्ली, थी. राष्ट्रपति बिल क्लिनटन के पास बड्डी नाम का कुत्ता था. उनके पास सॉक्स नाम की बिल्ली भी थी. बिल्ली वाइट हाउस में आने वाले अतिथियों का स्वागत करती थी.



“वॉव! क्या तुम विश्वास कर सकते हो कि सब राष्ट्रपतियों के पास कैसे-कैसे पालतू पशु थे? उनके पास कुत्ते, बिल्लियाँ, पक्षी, भालू, गायें, बकरियाँ, घोड़े तो थे ही, एक घड़ियाल भी था. वाइट हाउस का कौन सा पालतू पशु तुम्हें सबसे प्रिय है? तुम वोट कर चुन सकते हो कि किस पशु को सबसे अधिक बच्चे पसंद करते हैं. चुनने के लिए कितने पशु हैं!”

